16/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत की पचास प्रतिशत आबादी को फ़ैसले लेने की प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने देश के विकास में 'नारी शक्ति' के महत्व को रेखांकित किया और नीति-निर्माण में उनके प्रतिनिधित्व की वकालत की। श्री मोदी ने आज लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से जुड़े संवैधानिक संशोधनों वाले तीन अहम विधेयकों पर चर्चा के दौरान ये बातें कहीं। ये विधेयक हैं: संविधान (एक सौ इकतीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2026; परिसीमन विधेयक, 2026; और केंद्र शासित प्रदेश क़ानून (संशोधन) विधेयक, 2026। क़ानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पूरे देश में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का एक समान और क़ानूनी रूप से सुसंगत वितरण लागू करने के लिए, लोकसभा में सीटों की कुल संख्या को मौजूदा संख्या से पचास प्रतिशत तक बढ़ाना ज़रूरी होगा। 0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में जनगणना दो हज़ार सत्ताइस के तहत हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है, जो आगामी तीस अप्रैल 2026 तक जारी रहेंगी।

इसके बाद एक मई 2026 से तीस मई 2026 तक हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना के फील्ड ऑपरेशन शुरू होंगे। इस दौरान प्रशिक्षित गणनाकर्मी यानी Enumerators घर-घर जाकर सीधे जानकारी एकत्र करेंगे। राज्यवासियों को सलाह दी गई है कि वे प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने के लिए परिवार के सदस्यों का विवरण, मकान का प्रकार और उपलब्ध सुविधाओं जैसी आवश्यक जानकारी पहले से तैयार रखें। साथ ही, अपनी सुरक्षा के लिए गणनाकर्मियों की पहचान सत्यापित करने के लिए भी कहा गया है।

0000000000000000000000

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री बियुराम वाहगे ने आज 'एकीकृत आपातकालीन देखभाल' पर आधारित राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान कार्यक्रम (NHRP) परियोजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय नेक्सस योजना बैठक में भाग लिया। बैठक में गंभीर मामलों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन के लिए, प्रस्तावित 'अरुणाचल प्रदेश एकीकृत आपातकालीन देखभाल प्रणाली' के माध्यम से एकीकृत आपातकालीन और ट्रॉमा देखभाल प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की गई। इस बैठक में ICMR, नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और JPNA ट्रॉमा सेंटर, AIIMS नई दिल्ली के प्रोफेसरों ने भाग लिया; ये विशेषज्ञ राज्य के स्वास्थ्य विभाग और TRIHMS मेडिकल कॉलेज को लगातार मार्गदर्शन प्रदान कर रहें हैं।

यह उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा TRIHMS के आपातकालीन विभाग को 'उत्कृष्टता केंद्र' (COE) घोषित किया गया है। NHRP परियोजना के कार्यान्वयन में अरुणाचल प्रदेश देश का शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य है।

0000000000000000000000

तवांग के पेङ्ग तेङ शो लेक पर आयोजित ओपन नेशनल स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप 2026 कल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता 'विंटर एडवेंचर तवांग' पहल के तहत आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के कुशल खिलाड़ियों के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश के प्रशिक्षुओं द्वारा भी हिस्सा लिया गया। पुरुष वर्ग में अनिरुद्ध बेरवाल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि हिलाल अहमद रेशी और ज़हीर अब्बास क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में नताशा महार ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि शेरिंग लादोल और बिलकिस हामिद उपविजेता रहीं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी ज़िले के ज़िरो स्थित सीखे और सीह लेक पर बोहाग बिहू के अवसर पर एक हज़ार चेरी ब्लॉसम के पौधे लगाने का अभियान आयोजित किया गया। लोअर सुबनसिरी ज़िले के पर्यटन से जुड़े संगठन, 'ज़िरो टूरिज़्म ऑर्गनाइज़ेशन' ने सीखे बहुउद्देशीय सहकारी समिति और सीह बहुउद्देशीय सहकारी समिति के

सहयोग से इस वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। ये पौधे Lempia Ude Homestay द्वारा ZTO को प्रायोजित किए गए थे।

0000000000000000000000

सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा आज ज़ीरो में 756 BRTF के MI रूम में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कमांडर कर्नल आदित्य अग्रवाल और कैप्टन चिराग सिंघल, 756 BRTF, GREF, प्रोजेक्ट अरुणांक के नेतृत्व में, डॉ. हागे युबे और ग्याति ताका ज़ोनल जनरल अस्पताल के ब्लड सेंटर की मेडिकल टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। इस दौरान तैतालीस कर्मियों ने रक्तदान में भाग लिया, जिसमें से तैतीस यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिनमें सात A+ve, दस B+ve, दस O+ve एवं छ: AB+ve शामिल हैं। स्वास्थ्य जांच के दौरान दस लोगों में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) पाए जाने के कारण रक्तदान से रोका गया।

0000000000000000000000

तिराप जिले में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर “समर्थन महिला सम्मेलन” का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 56-खोंसा वेस्ट विधायक और परिवहन एवं DoTCL मंत्री की सलाहकार चाकत आबोह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रावधान सभी महिलाओं के लिए है, चाहे उनका संबंध किसी भी जाति, धर्म, क्षेत्र या राजनीतिक दल से हो।

सम्मेलन में कई प्रमुख नेताओं ने तैतीस प्रतिशत महिला आरक्षण के समर्थन में अपने विचार साझा किए।

0000000000000000000000

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, एक बड़ी ड्रग्स ज़ब्ती में, मिज़ोरम के एक्साइज़ और नारकोटिक्स विभाग द्वारा आइजोल में चलाए गए एक अभियान के दौरान दस किलोग्राम से ज़्यादा मेथाम-फेटामीन ज़ब्त कर चार लोगों को गिरफ़्तार किया, जिनमें म्यांमार का एक नागरिक भी शामिल है। नारकोटिक्स विभाग के प्रवक्ता **पीटर ज़ोहमिंथांगा** ने बताया कि यह खेप असम में बांटी जानी थी। उनके अनुसार, यह अभियान गत इक्कीस अप्रैल को होने वाले आइजोल नगर निगम (AMC) चुनावों से पहले शुरू किए गए "विशेष अभियान" का हिस्सा है।

0000000000000000000000